**न्यायालय श्रीमान राजस्व मंडल मध्यप्रदेश,ग्वालियर (म.प्र.)**

R 91-PB2/17

पुनरीक्षण याचिका कं :–

श्रवण दिनांक :–

प्रस्तुति दिनांक :– 3/1/2017

1. श्रीमति किरणबाई आयु 55 वर्ष पति स्व.सुखलाल कृषक ग्राम हरदा निवासी ग्राम धुलकोट,तहसील नेपानगर जिला बुरहानपुर म.प्र.

श्री ... द्वारा आज दि. 3-1-17 को प्रस्तुत

क्लर्क ऑफ कोर्ट 3-1-17
राजस्व मण्डल म.प्र ग्वालियर

—— पुनरिक्षणकर्ता/अनावेदिका

–विरूध्द–

1 प्रेमसिंग आयु 50 वर्ष पिता रामसिंग निवासी ग्राम हरदा तहसील नेपानगर जिला बुरहानपुर म.प्र. —— प्रत्यर्थी/आवेदक

**<u>पुनरीक्षण याचिका अंतर्गत धारा 50 म.प्र.भू.रा.सं 1959</u>**

याचिकाकर्ता निम्नलिखित निवेदन करती है कि :–

| |
|---|
| याचिकाकर्ता यह पुनरीक्षण याचिका अधीनस्थ न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय, नेपानगर द्वारा उनके समक्ष प्रचलित रा.प्र.कं. 3 अ–70 वर्ष 2015–16 प्रेमसिंग विरूध्द किरणबाई मे पारित अंतरिम आदेश दिनांक 24.10.2016 धारा 250(3) म.प्र.भू.रा.सं से व्यथित एवं पीडित होकर विधिक एवं तथ्यात्मक आधारो पर श्रीमान के समक्ष प्रस्तुत करती है– |

# राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण कमांक निगरानी 91–पीबीआर / 17 जिला बुरहानपुर

| स्थान तथा दिनांक | कार्यवाही तथा आदेश | पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1–3–2017 | आवेदिका के विद्वान अधिवक्ता द्वारा ग्राह्यता पर प्रस्तुत तर्को पर विचार किया गया । तहसीलदार द्वारा पारित आदेश दिनांक 24–10–2016 की सत्यप्रतिलिपि का अवलोकन कियाः गया । तहसीलदार द्वारा संहिता की धारा 250(3) के अन्तर्गत अंतरिम आदेश पारित करते हुये प्रश्नाधीन भूमि का कब्जा अनावेदक को दिलाये जाने संबंधी आदेश पारित किया गया है । संहिता की धारा 250(3) में इस प्रकार का अंतरिम आदेश पारित किये जाने का प्रावधान है । अतः तहसीलदार द्वारा पारित अंतरिम आदेश में प्रथमदृष्टया हस्तक्षेप का कारण नहीं होने से निगरानी अग्राह्य की जाती है ।<br><br>(मनोज गोयल)<br>अध्यक्ष | |